भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. 2419
सोमवार, 4 अगस्त, 2025/13 श्रावण, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**बिहार के भागलपुर में पर्यटन का विकास**

**2419. श्री अजय कुमार मंडलः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को यह जानकारी है कि बिहार का भागलपुर जिला समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, प्राचीन मंदिरों और चंपा नगर, विक्रमशिला, महाविहार और बटेश्वर स्थान जैसे धार्मिक स्थलों के लिए प्रसिद्ध है;

(ख) क्या सरकार द्वारा भागलपुर में सांस्कृतिक और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कोई विशेष योजना/परियोजना शुरू की गई है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इन स्थलों को राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर लाने के लिए कोई विशेष प्रयास किए जा रहे हैं;

(घ) क्या इन धार्मिक स्थलों पर आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए सड़क, बिजली, पेयजल, आवास और अन्य बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए राज्य सरकार को कोई वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है; और

(ङ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क): जी हाँ, बिहार का भागलपुर जिला ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण स्थान रखता है।

(ख) से (ङ): सांस्कृतिक और धार्मिक पर्यटन सहित पर्यटक स्थलों और उत्पादों का विकास एवं संवर्धन संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है।

मंत्रालय विभिन्न योजनाओं और पहलों के माध्यम से भागलपुर में सांस्कृतिक और धार्मिक पर्यटन सहित देश के विभिन्न पर्यटन उत्पादों का विकास और संवर्धन कर राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के प्रयासों को संपूरित करता है।

पर्यटन मंत्रालय ने बिहार के भागलपुर में किसी भी परियोजना को मंजूरी नहीं दी है। हालाँकि, मंत्रालय ने अपनी वर्तमान चल रही योजनाओं के तहत बिहार में विभिन्न परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिनका विवरण **अनुबंध** में दिया गया है। इन परियोजनाओं के अंतर्गत प्रमुख घटकों में पर्यटक सुविधा केन्द्र, पार्किंग का विकास, संकेतक, प्रदीप्तिकरण, सौर लाइटें, बाहय विद्युतीकरण, पहूंच मार्गों का विकास, पेयजल और शौचालय ब्लॉक जैसी मूलभूत सुविधाएं आदि शामिल हैं।

*****

**अनुबंध**

श्री अजय कुमार मंडल द्वारा बिहार के भागलपुर में पर्यटन का विकास के संबंध में दिनांक 04.08.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. 2419 के भाग (ख) से (ङ) के उत्तर में **विवरण**

**बिहार में प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:-**

| **क्र. सं.** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)** |
|---|---|---|
| 1 | पटना साहिब में विकास | 29.62 |
| 2 | विष्णुपद मंदिर, गया, बिहार में मूलभूत सुविधाओं का विकास | 3.63 |
| 3 | अंबिका भवानी मंदिर, सारण का विकास | 13.29 |

**बिहार में स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:-**

| **क्र. सं.** | **परिपथ का नाम / स्वीकृति वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)** |
|---|---|---|---|
| 1 | तीर्थंकर परिपथ 2016-17 | वैशाली - आरा - मसाद - पटना - राजगीर - पावापुरी - चंपापुरी का विकास | 33.96 |
| 2 | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | कांवरिया मार्ग: सुल्तानगंज - धर्मशाला - देवघर का विकास | 44.76 |
| 3 | बौद्ध परिपथ 2016-17 | बौद्ध परिपथ का विकास - बोधगया में कन्वेंशन सेंटर का निर्माण | 95.18 |
| 4 | ग्रामीण परिपथ 2017-18 | भितिहरवा - चंद्रहिया - तुर्कौलिया का विकास | 44.27 |
| 5 | आध्यात्मिक परिपथ 2017-18 | मंदार हिल और अंग प्रदेश का विकास | 44.55 |

**बिहार में स्वदेश दर्शन** 2.0 **योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:-**

| **क्र. सं.** | **गंतव्य** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)** |
|---|---|---|---|
| 1 | बोधगया | बोधगया में बौद्ध ध्यान एवं अनुभव केंद्र का विकास | 165.44 |

**बिहार में चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:-**

| **क्र. सं.** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)** |
|---|---|---|
| 1 | सोनपुर मेला मैदान, सारण में पर्यटक सुविधाओं का विकास | 24.29 |

**बिहार में पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई योजना) के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:-**

| **क्र. सं.** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)** |
|---|---|---|
| 1 | सहरसा में मत्स्यगंधा झील का विकास | 97.61 |
| 2 | करमचट में करमचट इको पर्यटन और एडवेंचर हब | 49.51 |

**बिहार में 'पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:-**

| **क्र. सं.** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)** |
|---|---|---|
| 1 | बक्सर, बिहार में एक्वा स्क्रीन प्रोजेक्शन और साउंड शो के साथ 3डी मैपिंग और राम रेखाघाट, बिहार में डायनामिक लाइटिंग और मोटिफ | 5.99 |
| 2 | गया रेलवे स्टेशन | 5.18 |

*******